>

Title: Need to conduct an inquiry into alleged irregularities in the Pradhanmantri Gram Sadak Yojana and Bharat Nirman Yojana in Bundelkhand region of Uttar Pradesh - laid.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : महोदय, प्रधानमंत्री सड़क योजना व भारत निर्माण योजना के अंतगत सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश तथा बुंदेलखंड के जनपद जालौन, हमीरपुर, झांसी, ललितपुर, महोबा एवं बांदा में क्षतिग्रस्त मार्गो के निर्माण हेतु अपग्रेडेशन हेतु चयन की जा रही सड़कों की (पी.सी.आई.) उसकी मनमाने ढंग से कम दिखाकर विगत वर्षो में विभिन्न विभागों द्वारा पूर्व से निर्मित लेपन स्तर तक सड़कों के (डी.सी.आई.) स्वीकृत करा लिये हैं जबकि विभिन्न विभागों द्वारा राज्य सरकार की विभिन्न निधियों से बनाये गये सड़कों पर करोड़ों रूपये का नुकसान करके पुनः बनाये जाने का प्रस्ताव किया जा रहा है।

अतः पूर्व अपग्रेडेशन प्रायरटी लिस्ट जो कार्यदायी संस्था द्वारा बनाई गयी है उसकी जांच कराई जाये तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये जिससे केन्द्र सरकार का करोड़ों रूपये का नुकसान बचाया जा सके।